तापमान
अधिकतम 31 डिग्री
न्यूनतम 20 डिग्री

हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, सोमवार, 11 नवंबर 2024

[ कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड ]

11 हड़ताल से जिले के सभी आंगनबाड़ी केंद्र बंद रहे, बच्चों को नहीं मिला ...



12 तीन दिन में ही कट गया 12 दिन की धान खरीदी के लिए टोकन



## खबर संक्षेप

### सिरसिदा में आयुष स्वास्थ्य मेला आज

**नगरी।** जिला आयुष अधिकारी डॉ एसके चन्द्राकर के मार्गदर्शन में ग्राम सिरसिदा में विकासखण्ड स्तरीय आयुष स्वास्थ्य मेला का आयोजन 11 नवम्बर सोमवार को प्रातः 10 से 4 बजे तक किया जाएगा। शिविर में आयुर्वेद, होम्योपैथी एवं योग पद्धति से रक्त जांच, गैर संचारी रोगों की स्क्रीनिंग, बीपी, शुगर, कैंसर, गठिया, वात, उदर रोग, श्वांस रोग, चर्म रोग, बवासीर, भगंदर, स्त्री रोग से संबधित बीमारियों का निःशुल्क उपचार किया जाएगा।

### ओपन परीक्षा का प्रवेश पत्र वितरण आज से

**धमतरी।** छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल के हायर सेकंडरी सर्टिफिकेट एवं हाईस्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा नवंबर 2024 के मुख्य एवं अवसर परीक्षा के प्रवेश पत्र का वितरण 11 नवंबर से डॉ शोभाराम देवांगन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धमतरी में शालेय समय में किया जाएगा। ओपन स्कूल विभाग के प्रभारी टीआर ध्रुव ने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल परीक्षा मंडल के निर्देशानुसार हायर सेकंडरी सर्टिफिकेट एवं हाईस्कूल सर्टिफिकेट की परीक्षा 14 नवंबर से प्रारंभ हो रही है। परीक्षा प्रातः 8:30 से 11:45 तक होगी।

मां अंगारमोती के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की लंबी कतार, वाटर स्पोर्ट्स, रिसोर्ट हाऊसफुल

# पर्यटकों से गुलजार हुआ गंगरेल पर्यटन

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

ठण्ड का सीजन शुरु होने के साथ ही गंगरेल पर्यटन गुलजार हो गया है। रविवार को मां अंगारमोती के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की लंबी कतार लगी रही। बांध में जेस्की मोटरबोट, क्रूज बोट जमकर फर्राटे भर रहे हैं। बरदिहा लेकव्यू रिसोर्ट हाऊसफुल है। वहीं गंगरेल के दूसरे छोर पर स्थित गार्डन बेजार हो गया है। ज्ञात हो कि पांच साल पहले जिला प्रशासन ने सुरक्षा के नाम पर डेम की ओर जाने पर प्रतिबंध लगा दिया है। इसे लेकर पर्यटकों में आज भी रोष व्याप्त है।

मां अंगारमोती माता के मुख्य पुजारी ईश्वर नेताम ने बताया कि मां अंगारमोती की मड़ई के साथ गंगरेल में हजारों की संख्या में पर्यटक पहुंच रहे हैं। रविवार को सुबह से शाम तक दर्शनार्थियों की भीड़ रही। देवी दर्शन के लिए लंबी कतारें लगी रहीं। विशेष मन्नत देने वाले सैकड़ों परिवार देर शाम तक प्रसादी ग्रहण करते रहे। उन्होंने बताया कि इस बार की मड़ई में संतान प्राप्ति का आशीर्वाद लेने रिकार्ड तोड़ दिया। करीब 400 महिलाओं ने संतान सुख के लिए परण पड़ने की परम्परा निभाई।




बरदिहा लेकव्यू रिसोर्ट के प्रभारी कैलाश राय ने बताया कि वुडन काटेज और पाली टेंट हाऊस की एडवांस बुकिंग चल रही है। रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर सहित महाराष्ट्र और उड़ीसा के पर्यटक गंगरेल पर्यटन का लुत्फ उठा रहे हैं। वाटर स्पोर्ट्स के असकंध सिंह बताते हैं कि रविवार को वाटर स्पोर्ट्स के लिए लोगों की दिनभर कतार लगी रही। बनाना राईट, मोटरबोट, हाउसबोट, जेस्की, पायडल रिक्शा, कपाकिंग की बुकिंग दिन भर रही। भिलाई सहित आसपास जिले के पर्यटक बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं।

### बेजार हुआ गंगरेल का पुराना गार्डन





गंगरेल पर्यटन के लिए पहुंचे रायपुर, बालोद, दुर्ग, धमतरी के सैलानी राजकुमार साहू, उमेंद्र पटेल, अशोक पटेल, यशवंत देवांगन, रामकुमार आदि ने बताया कि गंगरेल बांध बनने के साथ लोगों के पर्यटन के लिए बांध के रास्ते उस पार खूबसूरत गार्डन बनाया गया था। पर्यटक पैदल तथा पर्यटन विभाग की बस से दो किमी का सफर कर उस गार्डन की सैर करने जाते थे। झूला, फव्वारा सहित अनेक प्रकार के फूलों से आच्छादित इस गार्डन को देखने से दिल बाग बाग हो जाता था। वर्तमान में इस रास्ते पर प्रवेश प्रतिबंध कर दिया गया है। झूला फव्वारा कबाड़ में तब्दील हो चुका है। फूल पौधों की जगह घास फूस का जंगल उग आया है। प्रशासन की उपेक्षा के चलते गंगरेल पर्यटन का एक हिस्सा उजाड़ हो चुका है। इससे पर्यटकों में निराशा है। हर कोई गंगरेल डेम को करीब से देखना चाहते हैं।

### गंगरेल बांध में 73 प्रतिशत जलभराव



रविवार को गंगरेल बांध में क्षमता का 73.01 प्रतिशत जलभराव है। 32.150 टीएमसी क्षमता वाले इस बांध में लाइव केपिसिटी ग्रास लेवल पर 24.844 टीएमसी पानी जमा है। वहीं उपयोगी पानी 19.773 टीएमसी है। बांध में क्षमता का 73 प्रतिशत पानी जमा है। गंगरेल बांध से पानी की आवक - जावक जीरो है।

# थाना से 200 मीटर दूर सरकारी आवास में चोरी





- परिवार दीपावली मनाने अपने गांव गया था, आरोपी पुलिस की पकड़ से बाहर

हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड

मगरलोड थाना से मात्र 200 मीटर दूर सरकारी आवास में चोरी होने का मामला सामने आया है। अज्ञात चोर अब तक पुलिस की गिरफ्त से बाहर है।

थाना से प्राप्त जानकारी के अनुसार मगरलोड तहसील में कार्यालय में भृत्य पद पर पदस्थ लक्ष्मी टांडे पति कैलाश टांडे नगर पंचायत मगरलोड में आवंटित सरकारी आवास में अपने परिवार के साथ निवास करती है। 30 अक्टूबर बुधवार की करीब शाम 6 बजे अपनी ड्यूटी से आने के बाद दीपावली त्योहार मनाने अपने परिवार पति एवं दो बच्चों के साथ अपने पैतृक निवास ग्राम कौंदकेरा राजिम जिला गरियाबंद गई थी। दीपावली त्योहार मनाने के बाद ड्यूटी करने 4 नवंबर सोमवार को सुबह करीब 8 बजे अपने सरकारी आवास पहुंची तो उन्होंने देखा कि आवास के पीछे का दरवाजा टूटा हुआ था। अंदर जाने के बाद देखा तो कमरे का पूरा सामान अस्त-व्यस्त पड़ा हुआ था। आवास में लगा 32 इंच टीवी, एक नग चांदी का ब्रेसलेट लगभग 5 तोला, कुकर, मोबाइल, घरेलू सामान हल्दी, धनिया, मिर्ची, कंघी सहित कीमती सामान गायब था जिसे कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया था। प्रार्थी की रिपोर्ट पर पुलिस अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 305,331(4) बीएनएस अपराध दर्ज कर पतासाजी में जुट गई है।

ज्ञात हो कि सरकारी कर्मचारी आवास में चोरी की घटना के बाद वहां पर निवास करने वाले कर्मचारी एवं उनके परिवार सहमे हुए हैं। नगर में यह भी चर्चा है कि जिस आवास में चोरी हुई है । उस आवास के पीछे कारगिल उद्यान लगा हुआ है। इस उद्यान में असामाजिक तत्व के लोग नशा करते हैं।

# पोटाश बम से हाथी का बच्चा घायल

- सूचना देने वाले को मिलेगा 10 हजार का इनाम
- रेस्क्यू आपरेशन में जुटा वन विभाग का अमला

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व क्षेत्र में हाथी के एक बच्चे की पोटाश बम से घायल होने की खबर है। वन विभाग ने पोटाश बम लगाने वाले की सूचना देने पर 10 हजार रूपये इनाम देने की घोषणा की है।

उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के डिप्टी डायरेक्टर वरूण जैन ने बताया कि 7 नवंबर को उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के सीतानदी परिक्षेत्र के सातलोर बीट पर सिकासेर दल के 38 से 40 हाथी विचरण कर रहे थे। मुखबिर ने हाथी विचरण क्षेत्र में खून के फैले होने की सूचना रिसगांव परिक्षेत्र अधिकारी को दी। रिसगांव परिक्षेत्र अधिकारी एवं स्टाफ मौके पर पतासाजी के लिए पहुंचे, जहां पोटाश बम का टुकड़ा पाया गया। 8 नवंबर को पोंचिंग टीम ने मौका मुआयना किया। 6 किमी तक खून के धब्बे और पग मार्ग को ट्रेस किया गया। सीसीएफ वाइल्ड लाइफ श्रीमती सतोविसा समाजदार, जंगल सफारी के डा. राकेश वर्मा, डॉग स्क्वायड एवं शासकीय ड्रोन से घायल हाथी की तलाश शुरु की गई।

श्री जैन ने बताया कि बम विस्फोट से हाथी चार दल में बंट गए। पोटाश बम का उपयोग हाथी के लिए किया गया था या जंगली जुअर के लिए, इसकी पतासाजी की जा रही है। एसडीओ उदंती गोपाल कश्यप के नेतृत्व में तीन दिनों तक घायल हाथी की खोज की गई। 10 नवंबर को ड्रोन एवं स्टाफ की मदद से पता चला कि एक 5 - 6 साल के हाथी के बच्चे के जबड़े में सूजन तथा पैर में चोट लगी है। शाम को थर्मल ड्रोन की मदद से हाथियों की संख्या का सटीक अवलोकन किया गया। आज सुबह हाथी की चोट का उपचार डाक्टरों की टीम द्वारा किया जाएगा।






टाइगर रिजर्व के डिप्टी डायरेक्टर श्री जैन ने बताया कि घायल हाथी के मामले में वन विभाग ने पोटाश बम लगाने वाले व्यक्ति की सूचना देने पर 10 हजार इनाम की घोषणा की है। इस काम में डॉग स्क्वायड का भी सहारा लिया जा रहा है ताकि अपराधी का सुराग मिल सके। उन्होंने बताया कि इस घटना की शिकायत पुलिस थाने में दर्ज कराई गई है। इस बचाव कार्य में एसडीओ गोपाल कश्यप, ड्रोन आपरेटर मनीष राजपूत, अभिनंदन तिवारी, परिक्षेत्र अधिकारी शैलेष बघेल, प्रतिमा मेश्राम, नरेश नाग, बीटगार्ड राहुल राजपूत, रूपेंद्र मरकाम, विनय पटेल तथा स्टाफ का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# निवेश के नाम पर प्रापर्टी डीलर से लाखों की ठगी

- पीड़ित व उसके पिता ने कंपनी में कुल 8 लाख 67 हजार 680 रुपए जमा किया

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

ज्यादा लाभ दिलाने का झांसा देकर एक प्रापर्टी डीलर से लाखों रूपए निवेश कराकर धोखाधड़ी करने वाले रोबोट ट्रेडर्स एफएक्स लिमिटेड कंपनी प्रमुखों के खिलाफ कोतवाली पुलिस ने अपराध दर्ज किया है।

पुलिस के अनुसार स्थानीय भटगांव रोड गोकुलपुर निवासी उमेश पटेल पिता शिवराम उम्र 40 वर्ष प्रापर्टी डिलिंग का काम करता है। उमेश को 28 अप्रैल 2022 को पीलाराम चंद्राकर पंचवटी कालोनी निवासी द्वारा रोबोट ट्रेडर्स एफएक्स लिमिटेड नामक कंपनी के जूम मीटिंग के बारे में बताया गया कि कंपनी के प्रमुख ज्ञानप्रकाश साहू एवं देवकृष्ण साहू निवासी भिलाई द्वारा कंपनी के बारे में पूरी जानकारी दी जाएगी। मीटिंग में बताया गया कि रोबोट ट्रेडर्स एफएक्स लिमिटेड कंपनी एक यूके रजिस्टर्ड फरेक्स ब्रोकर हाउस है, जो आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सिस्टम से ट्रेडिंग करती है। इस टेक्नोलाजी की मदद से कंपनी कम से कम 1 से 10 प्रतिशत तक मासिक लाभ दिलायेगी। यह कंपनी अपने ग्राहकों के स्थान पर आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस सिस्टम के माध्यम से ग्राहकों के ट्रेडिंग खाता का संचालन कर लाभ प्रदान करती है। इसके लिए ट्रेडिंग एकाउंट खोलना होगा। इसमें न्यूनतम अकाउंट में राशि डालर में ही जमा होकर डालर में ही ट्रेड होगा। 100 डालर व अधिकतम की कोई सीमा नहीं है। पीलाराम द्वारा एकाउंट ओपन करने के लिए उमेश को लिंक भेजा गया। जिसके माध्यम से कंपनी में एकाउंट ओपन किया गया। उमेश ने अपने ट्रेडिंग एकाउंट को एक्टिव करने के लिए 28 अप्रैल 2022 को ही 3800 रुपए जमा कर ट्रांजेक्शन आई शेयर किया। तत्काल उसे ट्रेडिंग एकाउंट में 50 डालर जोड़ दिया गया। 4 मई 2022 को 22 हजार 800 जमा करने पर ट्रेडिंग एकाउंट में 300 डालकर जोड़ दिया गया। 29 मई को कंपनी प्रमुखों ने फिर बैंक मीटिंग की जिसमें उमेश सहित अन्य लोग शामिल हुए। मीटिंग में कंपनी का दस्तावेज दिखाया गया। जिससे प्रभावित होकर कंपनी के दिए गए बैंक खाते में 4 लाख 86 हजार 400 रुपए जमा कराया गया। कुछ दिनों बाद कंपनी ने उक्त खाते को बंद करना बताकर अन्य बैंक का खाता नंबर दिया। उक्त नया खाता में उमेश के पिता शिवराम ने 1 अगस्त 2022 से 20 सितंबर 2022 तक 1 लाख 97 हजार 700 रुपए ट्रांसफर किया। इसके बाद ज्ञानप्रकाश साहू के खाते में 1 लाख 53 हजार 680 रुपए एवं देवकृष्ण साहू के एकाउंट में 30 हजार रूपए ट्रांसफर किया। इस प्रकार उमेश व उसके पिता द्वारा कंपनी में कुल 8 लाख 67 हजार 680 रुपए निवेश किया गया। 1 वर्ष के दौरान उमेश को 2 लाख का लाभ मिला। जिसे फिर से कंपनी में जमा कर दिया। 31 मई 2023 को बताया गया कि कंपनी का नाम बदलकर एआई एफएक्स लिमिटेड कर दिया है। 22 जुलाई 2023 को कंपनी प्रमुखों ने कंपनी को बहुत बड़ा नुकसान होना बताकर साफ्टवेयर को बंद कर दिया। दूसरे दिन नुकसान की भरपाई किए जाने का आश्वासन दिया गया लेकिन जमा राशि वापस नहीं मिली। पीड़ित उमेश ने शुक्रवार को सिटी कोतवाली में लिखित नामजद शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी ज्ञानप्रकाश साहू एवं देवकृष्ण साहू दोनों भिलाई निवासी के खिलाफ धारा 420 भादसं के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।




### चार शराबी वाहन चालकों पर हुई कार्रवाई

**धमतरी।** सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने यातायात पुलिस ने शराब सेवन कर वाहन चलाने वाले चालकों की चेकिंग की गई। इस दौरान नशे में पाये गये चार वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन पर यातायात डीएसपी द्वारा स्टाफ के साथ शहर के घड़ी चौक, अंबेडकर चौक, रत्नाबांधा चौक एवं रूद्री चौक में वाहन चेकिंग पाईंट लगाया गया। इन चेकिंग पाईंट पर 60 से 70 वाहनों एवं चालकों की जांच की गई, जिसमें 4 वाहन चालकों को शराब सेवन कर वाहन चलाते पाया गया। यातायात पुलिस ने उक्त चालकों के खिलाफ धारा 185 मोटरव्हीकल एक्ट के तहत प्रकरण तैयार कर न्यायालय में पेश किया जायेगा। चेकिंग की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। यातायात पुलिस ने आमजनों एवं वाहन चालकों से शराब सेवन कर वाहन नहीं चलाने व ट्रेफिक नियमों का पालन कर पुलिस का सहयोग करने की अपील की है।



# विष्णु, भोलेनाथ के साथ हुई मां लक्ष्मी की पूजा

- आंवला नवमी पर कई जगह हुए कार्यक्रम, आंवला पेड़ के नीचे किया भोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

अंचल में आंवला नवमी का पर्व उत्साह से मनाया गया। पूजा पाठ के बाद लोगों ने आंवला पेड़ के नीचे भोजन किया। कई समाज और संगठनों ने भी आंवला नवमी उत्सव का आयोजन किया था जहां पर लोगों ने सामूहिक रूप से पूजा और भोजन किया।



कार्तिक मास शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि पर रविवार को अंचल में आंवला नवमी का पर्व मनाया गया। हिन्दू धार्मिक मान्यता के अनुसार इसी दिन से सतयुग की शुरूआत हुई थी। इस दिन किए गए पूजा पाठ, दान धर्म का अक्षय पुण्य मिलता है। मान्यता के अनुसार आंवला पेड़ में भगवान शिव, श्री हरिनारायण और माता लक्ष्मी का वास होता है। इस दिन इस पेड़ की पूजा का विधान है। रविवार को महिलाओं ने आंवला नवमी मनाते हुए आंवला पेड़ की पूजा की। दिन-भर भजन कीर्तन में बिताया। भोजन भी आंवला पेड़ के नीचे किया।

जिले में अवैध रेत खदानों की भरमार, कहीं ग्रामीण तो कहीं ठेकेदार कर रहे वसूली

# ठेकेदार बदले पर खदानें बंद नहीं हुईं, कई नई खदानों में भी चल रहा उत्खनन

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

जिले में एक नहीं दर्जनभर अवैध रेत खदान चालू हो गई है। कई रेत खदान तो बारिश में भी चलती रही। इन खदानों के ठेकेदार बदल गए हैं, लेकिन अवैध खदानें बदस्तूर जारी हैं। दुर्घटना के बाद दो स्कूली बच्चों की मौत के बाद लोगों के आक्रोश को देखते हुए अवैध उत्खनन बंद था। अब धड़ल्ले से रेत खदानें शुरू हो गई हैं। उधर जिला पंचायत उपाध्यक्ष नीशु चंद्राकर ने अल्टीमेटम दिया है कि एक सप्ताह के भीतर अवैध खदानें बंद नहीं होती हैं तो वे धरने पर बैठ जाएंगे।

लाख कोशिश के बाद महानदी से रेत का अवैध उत्खनन थम नहीं रहा है। माह भर पहले खनिज विभाग की केंद्रीय टीम पहुंची थी जिसे दिखाने के लिए जिले में ताबड़तोड़ कार्रवाई की। इसके बाद से कार्रवाई ठंडी पड़ी है। इसका फायदा रेत माफिया उठा रहे हैं। उल्लेखनीय है कि रेत उत्खनन के लगभग सभी मामलों में वाहनों पर कार्रवाई होती है। खदान चलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई नहीं होती है। यही कारण है कि जिले में दर्जनभर से अधिक अवैध रेत खदानें फिर से चालू हो गई हैं। मुड़पार, अछोटा, अमेठी में तो प्रशासन की नाक के नीचे रेत का अवैध उत्खनन हो रहा है। इसमें से अछोटा, अमेठी खदान पहले से चल रही है। जबकि मुड़पार में उत्खनन हाल ही में शुरू हुआ है। खनिज विभाग के अनुसार जिले में 5 रेत खदानें स्वीकृत हैं। 15 नई रेत खदान के लिए प्रस्ताव गया हुआ है। इन रेत खदानों को स्वीकृति नहीं मिली है, जिसके चलते अवैध खदानों से उत्खनन किया जा रहा है।

### शासन को लगाया जा रहा चूना

अवैध उत्खनन केवल अवैध खदानों में नहीं हो रहा है, बल्कि वैध खदानों में अवैध का गोरखधंधा चल रहा है। अधिकांश गाड़ियों को बिना रायल्टी पर्ची के ही रवाना किया जाता है। दर्री खदान में ट्रैक्टर से लोडिंग ग्रामीण स्तर पर करवाया जा रहा है। यहां पर ट्रैक्टरों से 3 सौ रुपया प्रति ट्रीप वसूला जा रहा है, लेकिन शासन के खाते में एक रूपया नहीं जा रहा है। अमेठी खदान में ठेकेदार बदल गए हैं, लेकिन खदान चल रही है। कुछ नई अवैध खदानों में बेधड़क उत्खनन चल रहा है।



### इसलिए हो रही समस्या

महानदी की रेत से केवल जिले की डिमांड पूरी नहीं होती है बल्कि रायपुर, दुर्ग, अभनपुर, राजनांदगांव से लेकर महाराष्ट्र तक महानदी से रेत की सप्लाई होती है। जिले में स्वीकृत रेत खदान गिनती की है, जिनके भरोसे रेत की डिमांड पूरी नहीं की जा सकती है। इस डिमांड को पूरा करने के लिए अवैध खदान में धड़ल्ले से उत्खनन चल रहा है। इससे शासन के गौण खनिज मद को काफी नुकसान पहुंच रहा है।

### धरने पर बैठेंगे जिपं उपाध्यक्ष



जिला पंचायत के उपाध्यक्ष नीशु चंद्राकर ने बताया कि रेत के अवैध कारोबार के खिलाफ वे लगातार आवाज उठा रहे हैं। इसके बाद भी रेत का गोरखधंधा थम नहीं रहा है। उल्टे रेत से भरे वाहन पूरे जिले में तेज गति से चल रहे हैं। कई लोग इसकी चपेट में आकर जान दे चुके हैं। हाल ही में सलोनी में दो बच्चों की मौत हुई। इसके बाद भी जिला प्रशासन द्वारा अवैध रेत खदानों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। उन्होंने चेतावनी दी है कि एक सप्ताह के भीतर रेत की तस्करी नहीं रोकी जाती है तो अनिश्चितकालीन धरना- प्रदर्शन करेंगे।

पाठक सूचना

धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768 9098324969

## खबर संक्षेप

### भाजपा सरकार में बेटियां असुरक्षित : खम्बारी

**जगदलपुर।** बस्तर जिला एनएसयूआई शहर जिलाध्यक्ष



विशाल खम्बारी ने सुकमा जिले की एकलव्य आदिवासी बालिका छात्रावास में रह रही एक 12वीं कक्षा की छात्रा के गर्भवती होने की घटना पर गहरा आक्रोश व्यक्त किया है। इस घटना ने प्रदेश में बालिकाओं की सुरक्षा और छात्रावासों में उचित निगरानी की गंभीर स्थिति को उजागर किया है। मेडिकल जांच में रिपोर्ट पॉजिटिव आने के बाद यह स्पष्ट हो गया है कि छात्रावासों में बालिकाओं के लिए सुरक्षित माहौल उपलब्ध कराने में सरकार पूरी तरह विफल रही है।

### लहसून 450 तो प्याज 80 रुपए किलो में बिका



**जगदलपुर।** शहर के संजय बाजार में लहसून, प्याज के दाम बढ़ने से लोग परेशान हैं जहां 20 रुपए बिकने वाला प्याज 80 रुपए तो 90 से 100 रुपए किलो बिकने वाला लहसून 400 से 450 रुपए किलो में बिका। लहसून, प्याज के साथ अन्य सब्जियों के भाव बढ़ने से रसोई का बजट प्रभावित हो रहा है। बाजार में रविवार को भट्टा 30, बरबटी 40, करेला 40, आलू 40, अदरक 200, फूलगोभी 100, पत्तागोभी 40, शिमला मिर्च 60, हरी मिर्च 50, भिंडी 30 रुपए किलो और लालभाजी 20 रुपए में 12, पालकभाजी 20 रुपए में 17 जूड़ी बिका।

### एनएसएस ने की स्कूल परिसर की सफाई




**जगदलपुर।** रविवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत विद्यालय परिसर में स्वच्छता और मरम्मत अभियान चलाया गया। इस अभियान का उद्देश्य स्कूल परिसर को सुरक्षित और स्वच्छ बनाना था। इस अवसर पर बाउंड्री दीवार की मरम्मत की गई, शौचालय की सुरक्षा दीवार को सुधारा गया, और परिसर में अवांछित पौधों को हटाकर साफ-सफाई की गई। इसके अतिरिक्त, स्कूल के गड्ढों की भी मरम्मत कर उन्हें समतल किया गया, जिससे विद्यार्थियों और स्टाफ को बेहतर सुविधा मिल सके। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधिकारी सुनील कुमार सिंह ने किया। कार्यक्रम में एनएसएस दलनायक रामेश्वर कश्यप, संतोष ठाकुर, हरेश कश्यप, खेमराज बघेल, जदुराम कश्यप, लखीराम मौर्य, अभय सेठिया, सोनारू नाग, फूलसिंह नाग, तिलक नाग, रुकनाथ कश्यप, तुलसी कश्यप, दीपिका बघेल, संध्या सेठिया, अथीना कश्यप, अंजली मौर्य, हिना बघेल, कल्पना भारती, अनीता कश्यप, मोहिनी बघेल सहित कई अन्य स्वयंसेवक उपस्थित थे। सभी ने मिलकर परिसर को साफ-सुथरा और व्यवस्थित बनाने में योगदान दिया।

### निधन

**नेमेंद्र साहू**

**मगरलोड।** ग्राम कमरौद निवासी नेमेंद्र कुमार साहू उम्र 15 वर्ष का



आकस्मिक निधन 9 नवंबर शनिवार को हो गया। वह कक्षा 10वीं का छात्र का था। वे गणेश साहू के नाती, गोपीचंद साहू के पुत्र थे। उनके अंतिम संस्कार में सामाजिकजन एवं ग्रामवासी शामिल हुए।

**गुप्त व यौन रोग कमजोरी**
स्त्री पुरुष गुप्त रोग नपुंसकता, उत्तेजना कम होना, हस्तमैथुन द्वारा नसों में कमजोरी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, गुप्त अंग का छोटापन, शुक्राणु की कमी, पेशाब में धातु जाना, पेशाब में जलन होना, शुगर से आई हुई सेक्स में कमी व विशेष इलाज चर्म रोग, वात रोग, बवासीर संपर्क करें।
**संजीवनी आयुर्वेदिक दवाखाना**
अंबेडकर चौक, मानस डेली नीड्स के सामने जोधापुर, धमतरी मो. 9174466336

## रैली निकालकर अनुविभागीय अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

# नियमितीकरण के लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं ने की आवाज बुलंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी






विकासखंड नगरी के आंगनबाड़ी केंद्रों में कार्यरत महिला कर्मियों ने राज्य एवं केंद्र सरकार की वादाखिलाफी के खिलाफ आठ सूत्रीय मांगों को लेकर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर अनुविभागीय अधिकारी को ज्ञापन सौंपा।

संघ की अध्यक्ष महेश्वरी साहू, सचिव कमल साहू ने बताया कि महंगाई के इस दौर में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका आर्थिक रूप से मानसिक रूप से परेशान हैं। विभागीय काम के अलावा भी कई सारे काम हमसे लिया जाता है जिसके कारण विभाग के काम में बाधा उत्पन्न होती है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के साथ सबसे बड़ी समस्या उनके मानदेय को लेकर है। जो वर्कर सरकार के नजरिये से मात्र कुछ घंटे ही कार्य करती है, हकीकत में वे 10 घंटे से भी ज्यादा कार्य करती है। केंद्र व राज्य सरकार आंगनबाड़ी को किसी भी श्रेणी में नहीं मानती। इसी परिप्रेक्ष्य में ब्लाक के आंगनबाड़ी में कार्यरत महिलाएं अपने हक और अधिकार की लड़ाई लड़ने मजबूर हैं। हमारी मांगों पर सहानुभूति पूर्वक विचार करते हुए शासन को अति शीघ्र निर्णय लेना चाहिए। इस दौरान सीता साहू, कमलावती, अनीशा, जैत्री नेताम, नंदनी साहू, उमा देवी, चंद्रकला, उमेश्वरी, सुलोचना, हेमकुमारी, दमयंतीन साहू, ओंकार सहित समस्त ब्लाक भर से आई आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका उपस्थित थीं।

### ये हैं इनकी प्रमुख मांगें

50 वर्षों से कार्यरत आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को नियमित करके शासकीय कर्मचारी घोषित किया जाए, आंबा कार्यकर्ता को 21 हजार और सहायिका को 17850 रुपए मानदेय, वर्तमान में कार्यकर्ताओं को प्राप्त मानदेय 10 हजार की 85 प्रतिशत राशि सहायिकाओं के लिए स्वीकृत की जाए, सेवानिवृत्ति पश्चात पेंशनग्रेज्युटी 35 से 40 वर्ष, कार्यकर्ताओं को 10 हजार और सहायिकाओं को 8 हजार मासिक पेंशन, कार्यकर्ता को 5 लाख और सहायिका को 4 लाख ग्रेज्युटी राशि, समूह बीमा योजना लागू करना, कार्यकर्ता सहायिकाओं की आकस्मिक मृत्यु होने परिवार के एक सदस्य को अनुकंपा नियुक्ति समेत अनेक मांगें हैं।

## मानस शक्ति केंद्र उमरदा में हुआ दीपावली मिलन




हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

मानस शक्ति केंद्र में दीपावली मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें शक्ति केंद्र के पदाधिकारी व मानस मंडली के गायक, व्याख्याकार शामिल हुए। अध्यक्ष हुमन चंद्राकर ने सभी का स्वागत करते हुए दीपावली पर प्रकाश डाला।

भजन गायक मनहरन मानिकपुरी ने भजनावली प्रस्तुत की। ओमप्रकाश तिवारी एवं सचिव खेदन निषाद, अर्जुन चंद्राकर, गोविंद दीवान ने कीर्तन में साथ दिया। मुख्य मार्गदर्शक मानस शक्ति केंद्र के संरक्षक व मानस मर्मज्ञ रामायणी सीएल विश्वकर्मा ने दीपावली पर्व की महत्ता बताई। रामचरित मानस के ज्ञान दीपक पर सारगर्भित चिंतन प्रस्तुत किए। एमडी मनिकपुरी ने दीपावली पर कविता प्रस्तुत की। कार्यक्रम में तुलसी राम पटेल एवं कांशीराम कंवर ने भी अपने विचार व्यक्त किए। मौके पर रिपुसूदन यदु, नोहर पटेल, ईश्वर विनायक, सुरेन्द्र विश्वकर्मा, युवराज कंवर, तानू साहू, गजेन्द्र साहू, सोहन पटेल, कैलाश पटेल, डेरहू यादव, सुरेश दास, भागवत दास, शत्रुहन दीवान उपस्थित थे।

## सामुदायिक रंगमंच का हुआ भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड

हनुमान मंदिर प्रांगण में सामुदायिक रंगमंच का भूमिपूजन किया गया। मुख्य अतिथि छिपली सरपंच श्रीमती अंजनी श्यामलाल निषाद थीं। अध्यक्षता जनपद पंचायत सदस्य श्रीमती दीपा करेली छोटी ने की। अति विशिष्ट अतिथि पंच कन्हैया साहू थे। इस अवसर पर भुनेश्वर साहू, दीपक साहू, प्रभात कुमार निषाद, रूपलाल साहू, जीवन साहू, रामेश्वर साहू, नंदराम साहू, जैलूराम साहू, तुलसी साहू उपस्थित थे।

## नुक्कड़ नाटक से दिया बेटी पढ़ाओ और नशामुक्ति का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद






संतगुरु घासीदास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुरूद की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई 1 का सात दिवसीय विशेष शिविर ग्राम भैंसमुंडी में आयोजित है। शिविर के छठवें दिवस सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ। इस दौरान स्वयंसेवकों ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुति दी।

इन प्रस्तुतियों में जागरूकता संदेश के साथ ही छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक विरासत को दिखाने का प्रयास किया गया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से स्वयंसेवकों ने बेटी पढ़ाओ और नशामुक्ति का संदेश ग्रामीणों को दिया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सरपंच त्रिलोकचंद साहू थे। अध्यक्षता प्राध्यापक हितनारायण टंडन ने की।

इस अवसर पर जनभागीदारी समिति महाविद्यालय कुरूद के अध्यक्ष भोजराज चंद्राकर, सदस्य महेश केला, सुरेश वाधवानी, खेमराज सिन्हा, शिक्षक चुड़ामणि साहू, डॉ विक्रम सिंह, डॉ चुन्नीलाल साहू, मोहन साहू पंच, सेवानिवृत शिक्षक शत्रुहन साहू सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## अहिल्याबाई ने राष्ट्र हित में कई महत्वपूर्ण कार्य किए

- सेजेस चर्रा में 300वीं जन्म शताब्दी पर हुई वैचारिक संगोष्ठी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद




शनिवार को सेजेस चर्रा में पुण्यश्लोक लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जन्म शताब्दी पर संगोष्ठी हुई जिसमें कक्षा 9 वीं, 10वीं, 11वीं, 12वीं के छात्र-छात्राएं, शिक्षक-शिक्षिकाओं व विद्यालय प्रबंधन समिति के पदाधिकारियों ने भाग लिया।

मुख्य वक्ता आयोजन समिति के अध्यक्ष वेदनाथ चंद्राकर ने अहिल्याबाई होल्कर के जीवन पर प्रकाश डाला। त्याग और समर्पण की भावना से भरे हुए उनके जीवन में उनके द्वारा राष्ट्रहित में लिए गए निर्णय और कर्तव्य को देश के लिए महत्वपूर्ण बताया। श्रीमती गरिमा साहू व्याख्याता ने होल्कर के जीवन से प्रेरणा लेने की बात कही। शिक्षिका श्रीमती देवेश्वरी साहू सरस्वती शिशु मंदिर कुरुद ने भी उनके जीवन के महत्वपूर्ण घटनाओं का उल्लेख करते हुए उनके कार्यों व नेतृत्व को अनुकरणीय बताया।

सेजेस चर्रा की छात्रा विद्या साहू ने अहिल्याबाई होल्कर के जीवन व इतिहास के बारे में बताया। संगोष्ठी में खुमान साहू एनसीसी अधिकारी ने महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभाई। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रिखीराम साहू, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला कार्यवाहक धनेश्वर निर्मलकर, आयोजन समिति के विकासखंड सचिव देव कुमार साहू, संकुल चर्रा के संकुल प्राचार्य देवेंद्र कुमार दादर, प्रभारी प्राचार्य श्रीमती छाया सिंह ठाकुर, व्याख्यातागण दुष्यंत देवांगन, श्रीमती मेनका वर्मा, श्रीमती शालिनी गुप्ता एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती नम्रता राजपूत व्याख्याता ने किया।

## फूल मड़ई में शहीद के परिजनों सेवानिवृत्त सैनिकों का हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

- एकल नृत्य में प्रथम जान्हवी व द्वितीय सूरज रहे

ग्राम दुगली में इस वर्ष भी माता अंगारमोती लोककला संस्कृति विचार मंच एवं सेवा समिति के तत्वावधान में शुक्रवार को फूल मड़ई का आयोजन किया गया। सम्मान समारोह में शहीद निर्मल सिंह नेताम के परिजनों, सेवानिवृत्त सैनिकों, लोक कलाकारों का सम्मान किया जायेगा। प्रतिभावान छात्रों के साथ बुजुर्गों का भी सम्मान होगा। रात्रि में छत्तीसगढ़ स्तरीय डांस प्रतियोगिता आयोजित की गई। एकल नृत्य में प्रथम जान्हवी कसडोल बलौदाबाजार, द्वितीय सूरज निषाद झलप महासमुंद, तृतीय गणिता विश्वकर्मा अरौद चारामा कांकेर, चतुर्थ नंदनी नेताम दुगली, पंचम स्थान पर संगीता कोर्चे धनतुलसी कांकेर रही। युगल नृत्य में प्रथम पवन हिना रायपुर, द्वितीय देवार देवारिन जतमई घटारानी गरियाबंद, तृतीय छात्र शक्ति उमरगांव नगरी, चतुर्थ राम खिलावन सरकडा पाण्डुका, पंचम स्थान पर भागीरथी गंगा मुकुंदपुर नगरी रहे। सामूहिक नृत्य में प्रथम स्वरागिनी डांस ग्रुप रतनपुर बिलासपुर, द्वितीय नित्या डांस ग्रुप भिलाई, तृतीय अमर ज्योति नवागांव कचना रायपुर, चतुर्थ जेएमटी सूनामाल कालाहण्डी उड़ीसा, पंचम आरएन डांस ग्रुप सम्हर बागबाहरा और छठवें स्थान पर आरआर डांस ग्रुप भेलवाकूदा भखारा रहा।

## कबड्डी में भोथली ने बटनहर्रा को हराया

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी




ग्राम पांवद्वार में कबड्डी का आयोजन किया गया था। उद्घाटन मैच पांवद्वार और पदमपुर के मध्य खेला गया। उदघाटन कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सरपंच सुशीला बाई नेताम थीं। अध्यक्षता प्रभुराम पांडे ने की। स्पर्धा में प्रथम भोथली नगरी की टीम रही। उसे 11111रूपये का पुरस्कार दिया गया। द्वितीय बटनहर्रा राजपुर को 7777 रूपये दिया गया। तृतीय स्थान पर पदमपुर की टीम रही। उसे 3333 रूपये का पुरस्कार मिला। चतुर्थ पाईकभाठा को 1555 रूपये प्रदान किया गया।

समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संजय कुमार शांल्डिय शिक्षक हाईस्कूल सिहावा, रंजीत मरकाम आरक्षक सीआरपीएफ बीजापुर थे। कबड्डी का आनंद लेने बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद थे।

## सुरक्षा गार्ड प्रशिक्षण के लिए आवेदन 13 तक

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

राज्य शासन द्वारा संचालित मुख्यमंत्री कौशल विकास योजनान्तर्गत सुरक्षा गार्ड कोर्स में निःशुल्क प्रशिक्षण के लिए लाईवलीहुड कॉलेज धमतरी में प्रवेश प्रारंभ है। सहायक परियोजना अधिकारी लाईवलीहुड कॉलेज ने बताया कि प्रशिक्षण में प्रवेश के लिए 18 से 45 वर्ष तक की आयु के कम से कम आठवीं उत्तीर्ण और 5 फीट 6 इंच लंबाई के पुरूष आवेदक 13 नवम्बर तक आवेदन कर सकते हैं।

## रघुवीर दोबारा बने हरदिहा साहू समाज के जिलाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ पुरूर(धमतरी)



बालोद जिला हरदिहा साहू समाज की बैठक समाजिक भवन ग्राम बोहारडीह में हुई जहां समाज के पदाधिकारियों का चयन सर्वसम्मति से किया गया।

ग्राम चिटौद निवासी रघुवीर साहू को दोबारा बालोद जिले का अध्यक्ष बनाया गया। वरिष्ठ संरक्षक छबिलाल साहू, रोहित कुमार, सचिव चतुरराम साहू, उपाध्यक्ष रामकुमार साहू, कोषाध्यक्ष मनीराम साहू, महामंत्री पंचम साहू, गृहमंत्री रामगुलाल, कमलसिंह साहू, संगठन मंत्री कमलेश साहू, सहसंगठन मंत्री धनेश साहू, संचालक लक्ष्मणलाल साहू, संयोजक नीलाम्बर साहू, सहसंयोजक हरिशचंद्र साहू, सहसचिव देवमन साहू, आडिटर तिलकराम साहू, चपरासी राजकुमार साहू को नियुक्त किया गया। निवार्चन अधिकारी तुलसीराम साहू, तिलकराम साहू थे।

## गोविंदपुर के ग्रामीणों ने जनदर्शन में की मरम्मत की मांग

# तालाब की मेड़ फूटने से किसानों की फसल बर्बाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी



विकासखंड के वनग्राम गोविंदपुर के ग्रामीण जनदर्शन में पहुंचे। ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम गोविंदपुर से बटनहर्रा डोंगरडुला नगरी मुख्यालय से जोड़ने वाले मार्ग पर तालाब है। इस वर्ष बारिश होने से मेड़ फूट गई। पानी के बहाव से 5 से 6 किसानों की फसल बर्बाद हो चुकी है। ग्रामीणों ने कलेक्टर से मेड़ की मरम्मत की मांग की है। ग्रामीणों ने बताया कि यहां की जनसंख्या 1100 है। इसके आश्रित ग्राम नेगीनाला है। गोविंदपुर ग्राम पंचायत से विकासखण्ड मुख्यालय की दूरी 19 किलोमीटर है। कृषि कार्य हेतु तालाब मार्ग से आवागमन होता है जो वर्तमान में प्रभावित हो चुका है। यह निस्तारी तालाब भी है। मेड़ के फूटने के कारण ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

बताया जाता है कि मेड़ के फूटने से किसान भैया लाल नेताम, महरिन बाई मरकाम, जगबती, पकलाल नेताम की फसल बर्बाद हो गई है। सरपंच रोहित मरकाम, झुमुकलाल मरकाम, प्रेम बाई नेताम, राय बाई,सुरेखा बाई, किरण नेताम, सावित्री नेताम, शोभाराम सलाम, दीपक नेताम, शीतल मरकाम, सुखनती नेताम, रतनी बाई सलाम, ज्योति नेताम ने जनदर्शन में इस समस्या से अवगत कराया।

उल्लेखनीय है कि शुकवार को कृषि विभाग के अधिकारी योगेन्द्र पैकरा ने इसका निरीक्षण किया। इस दौरान सरपंच रोहित मरकाम, सचिव शंभू साक्षी, झुमुकलाल मरकाम, जितेन्द्र मंडावी समेत अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

## सरयू तट पर गूंजी आत्माराम की आवाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड



युगतुलसी पूज्य महाराज रामकिंकर का शत जयंती महोत्सव अयोध्या धाम में मनाया गया। इसमें अंचल के प्रसिद्ध मंच संचालक आत्माराम साहू शिक्षक सपरिवार शामिल हुए। उन्होंने देश के विभिन्न राज्यों से पहुंचे युगतुलसी के भक्तों तथा रामायणम आश्रम की संचालिका व किंकर महाराज की उत्तराधिकारी मंदाकिनी की उपस्थिति में सभा को संबोधित किया।

छत्तीसगढ़ में मानस प्रचार की विशिष्टता से सबको अवगत कराते हुए कहा कि श्रीराम के ननिहाल छत्तीसगढ़ में रामचरित मानस का गांव-गांव प्रचार प्रसार हो रहा है। यहां मानस प्रसंगों पर व्याख्यान प्रतियोगिता होती है। जिसकी व्याख्या सर्वोत्कृष्ट होती है उन्हें पुरस्कृत किया जाता है। ज्यादा पुरस्कार वह व्याख्याकार जीतते हैं जो किंकर साहित्य का अध्ययन करते हैं। किंकर महाराज ने मानस के सभी प्रसंगों का तर्क सम्मत विवेचना किया है। उनके विरचित साहित्य मानस एवं धर्म प्रेमियों के लिए अमूल्य निधि है।

उद्बोधन पश्चात दीदी मां ने शाल व प्रतीक चिन्ह से उन्हें सम्मानित किया । शाउमावि मगरलोड के प्रभारी प्राचार्य एवं संगम साहित्य एवं सांस्कृतिक समिति मगरलोड के सचिव श्री साहू की इस उपलब्धि पर अनेक लोगों ने हर्ष व्यक्त किया है।

## खबर संक्षेप

### खेती किसानी के कारण ही विधायक बना : नेताम

**सरोना।** विधायक आशाराम नेताम का मानना है कि खेती ही हमारी असली पूंजी है। आज जहां हैं, वहां पहुंचने का श्रेय खेती किसानी को ही जाता है। उन्होंने अपनी मेहनत के बारे में बताते हुए कहा अगर अपने पिता के साथ हाथ खेती में नहीं बंटाया होता तो उनकी डांट भी मुझे सुननी पड़ती। इसलिए सुबह 6 बजे से खेतों में काम करता हूं और फिर विधानसभा क्षेत्र की सेवा में जुट जाता हूं। विधायक ने कहा कि जनता ने मुझे एक गरीब किसान के बेटे को विधायक बनाया है। उनकी समस्याएं मेरी अपनी समस्याएं हैं, इसलिए अपने क्षेत्रवासियों की सेवा में पूरी तरह से समर्पित हूं।

### लापरवाही के कारण चालक की हुई मौत

**कांकेर।** पखांजूर पुलिस ने विवेचना में पाया कि मृतक पीव्ही 23 लखनपुर निवासी 62 वर्षीय रमेश मण्डल पिता स्व. दुखीराम मण्डल 20 अगस्त को मोटर सायकल क्रमांक सीजी 04 सीके 7854 को स्वयं चलाते हुए पीव्ही 23 लखनपुर से पखांजूर जा रहा था। कृषि केन्द्र पीव्ही 23 लखनपुर मेनरोड में चालक का वाहन से नियंत्रण हट गया व रोड में गिर गया। गिरने से सिर तथा हाथ में चोट आया था। परिजनों के द्वारा तत्काल इलाज के लिए सिविल अस्पताल पखांजूर लेकर गया। अस्पताल के चिकित्सक ने घायल का परीक्षण कर मौत होने की पुष्टि किया। पुलिस ने मृतक के खिलाफ धारा 106 (1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### 13 से 16 नवम्बर तक होगा बस्तर ओलंपिक

**दुर्गुकोंदल।** बस्तर ओलंपिक का आयोजन विकासखंड दुर्गुकोंदल में 13 नवम्बर से प्रारंभ हो रहा है। आयोजन 16 नवंबर तक चलेगा। जनपद सीईओ ने बताया कि विकासखंड स्तर पर प्रत्येक पंचायत के खिलाड़ी जिन्होंने अपना पंजीयन कराया है, वे शामिल हो सकेंगे। विकासखंड स्तर पर प्रत्येक 10 से 12 पंचायतों का समूह बनाकर प्रतिदिन खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 10 से 12 पंचायत में जो खिलाड़ी विजेता अथवा प्रथम स्थान प्राप्त करेंगे। वह अगले राउंड में प्रवेश करेंगे, जो सेमीफाइनल राउंड होगा। फाइनल के विजेता अपने विकासखंड से जिला स्तर पर भाग लेंगे।

### इलाज के दौरान हुई मौत, मर्ग हुआ कायम

**कांकेर।** परतापुर थानांतर्गत पीव्ही 70 शांतिनगर निवासी 30 वर्षीय चैतन्य मंडल पिता स्व. सुमीत मंडल का इलाज के दौरान सीएचसी पखांजूर में 11 अक्टूबर को मौत हो गई। पखांजूर थाना में शून्य पर मर्ग कायम कर मर्ग डायरी परतापुर थाना पेश करने पर असल नंबरी मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया है।

### परेकोडो में आज जनसमस्या निवारण शिविर

**दुर्गुकोंदल।** विकास खण्ड दुर्गुकोंदल अंतर्गत ग्राम पंचायत परेकोडो में आज 11 नवंबर को सुबह साढ़े 10 बजे से दोपहर ढाई बजे तक जनपद स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित किया जाएगा। इस शिविर में ग्राम पंचायत कलगपुरी, सिवनी, तराईघोटिया, तरहुल, हाटकोंदल, भीरावाही, परेकोडो, झिटकाटोला के ग्रामीण शामिल होंगे।

### हादसे में घायल 13 महिलाओं का मेकाज में हो रहा उपचार

**जगदलपुर।** बस्तर जिले के बकावण्ड थाना क्षेत्र स्थित पडेनार चावड़ा कृषि फार्महाउस में काम कर लौट रही मजदूरों से भरी पिकअप व ट्रक के बीच शनिवार की देर शाम हुए सड़क हादसे में 13 महिलाएं घायल हो गई। हादसे में घायल पान, विमला, झरना, नंदनी, तुलावती, मालती, उसा, बालमती, सूनामनी, गुप्तेश्वरी, तुलसी, पदमा एवं वटटी को रात में ही डिमरापाल स्थित मेडिकल कॉलेज भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार जारी है।

---

चार सूत्रीय मांगों को लेकर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका संघ ने बोला हल्ला

# हड़ताल से जिले के सभी आंगनबाड़ी केंद्र बंद रहे, बच्चों को नहीं मिला पोषण आहार





हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

जिले की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिकाओं ने अपनी चार सूत्रीय मांगों को लेकर गांधी मैदान में धरना देकर शासन-प्रशासन को जमकर कोसा। हड़ताल से शुक्रवार को जिले के सभी आंगनबाड़ी केंद्र बंद रहे। मांगें पूरी नहीं होने पर आगे आंदोलन की चेतावनी दी गई है। छत्तीसगढ़ जुझारू आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका कल्याण संघ के बैनर तले शुक्रवार को जिले के सभी 1116 आंगनबाड़ी केंद्र की कार्यकर्ता व सहायिका अपने चार सूत्रीय मांगों को लेकर हड़ताल पर रही। गांधी मैदान में धरना देते हुए जमकर नारेबाजी की गई।

संघ की जिलाध्यक्ष रेवती वत्सल ने बताया कि जिन कामों के लिए नियुक्ति की गई है, उनके अलावा कई अतिरिक्त कार्य दिए जाने के लिए बाध्य किया जाता है। चार मांगों में प्रमुख रूप से शासकीय कर्मचारी घोषित करते हुए 21 हजार मानदेय, 10 प्रतिशत प्रतिवर्ष बढ़ोत्तरी, लाभ में योग्यता के आधार पर शत-प्रतिशत पर्यवेक्षक पद पर भर्ती, 50 प्रतिशत आयु सीमा में छूट देते हुए 45 वर्ष से अधिक अंक देने, सहायिकाओं, कार्यकर्ताओं के मानदेय से 80 प्रतिशत वृद्धि, कार्यकर्ता पद पर सहायिकाओं को शत-प्रतिशत पदोन्नति, कार्यकर्ता व सहायिका की सेवा समाप्ति के बाद 10 लाख रुपये एकमुश्त राशि देने, तत्काल पर्यवेक्षकों की भर्ती की जाए।

धरना में ब्लाक अध्यक्ष कुरुद ईश्वरी साहू, प्रेमीन साहू, संगीता अग्रवाल, धमतरी ब्लाक अध्यक्ष मीना विश्वकर्मा, केकती साहू, मगरलोड ब्लाक अध्यक्ष सरस्वती मरकाम, उत्तरा, नगरी ब्लाक अध्यक्ष सुशीला धामगे, धनेश्वरी साहू, भगवती साहू सहित सभी सेक्टर अध्यक्ष व बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका मौजूद थीं।

# कृषकों ने सीखी गोंद उत्पादन की तकनीक



- कृषि विज्ञान केन्द्र धमतरी में लगा एक दिवसीय प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

कृषि विज्ञान केन्द्र धमतरी में गोंद उत्पादन तकनीकी पर एक दिवसीय प्रशिक्षण सह प्रदर्शन कार्यक्रम हुआ। यह कार्यक्रम प्राकृतिक रॉल एवं गोंद का संग्रहण, प्रसंस्करण, एवं मूल्य संवर्धन पर नेटवर्क परियोजना पर हुआ।

कार्यक्रम में इंदिरा गांधी कृषि विवि रायपुर की परियोजना प्रभार डॉ. प्रतिभा कटियार ने बताया कि कैसे गोंद को हार्वेस्ट कर सुरक्षित और प्रसंस्कृत किया जाता है। डॉ. कटियार ने गोंद उत्पादन एवं प्रसंस्करण पर विस्तृत चर्चा की। डॉ. पीएस पीसलकर ने कृषि उत्पाद के पोस्ट हार्वेस्ट तकनीक के बारे में बताया। डॉ. मनेद्र कुमार ने गोंद निकालने के संबंध में जानकारी दी। डॉ. शक्ति वर्मा कीट विज्ञान द्वारा गोंद हार्वेस्टिंग टेपिंग तकनीक की धमतरी जिले में संभावनाओं पर चर्चा की। जिले में बबूल पेड़ की अधिकता है, इन पेड़ों से गोंद निकालकर भी अतिरिक्त आय अर्जित की जा सकती है।

कार्यक्रम में वैज्ञानिक डॉ. अमित सिन्हा, मनीषा खापर्डे, दीपिका चन्द्रवंशी, प्रक्षेत्र प्रबंधक आशीष बंजारे एवं रीतिका ठाकुर उपस्थित थे। कार्यक्रम में महिला कृषकों ने गोंद उत्पादक के पौधरोपण एवं नर्सरी तैयारी पर विशेष रुचि दिखाई।

# हमारी संस्कृति में गौ माता का महत्वपूर्ण स्थान : रमेश



**अंवरी।** ग्राम बोरझरा में छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज पचपेड़ी मंडल द्वारा इस वर्ष भी गोपाष्टमी पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया। सर्वप्रथम यादव समाज द्वारा श्री कृष्ण की झांकी एवं महिला राऊत नाचा दल के साथ भव्य कलशयात्रा निकालकर पूरे गांव का भ्रमण किया गया। मंच पर गौ माता की पूजा अर्चना कर भगवान मुरली मनोहर की महाआरती कर खिचड़ी खिलाकर महाप्रसादी का वितरण किया गया। अखाड़ा दल द्वारा अनेक करतब दिखाए गए। रात्रिकालीन मनोरंजन के लिए बाल समाज पूरन जस झांकी ग्राम गातापार (कोर्रा) का आयोजन हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि झेरिया यादव समाज के जिला अध्यक्ष रमेश यादव ने कहा कि हमारी संस्कृति में गौमाता का महत्वपूर्व स्थान है। हमें अपनी संस्कृति को बनाए रखने के लिए प्रत्येक समाज को जोड़कर गोपाष्टमी पर्व धूमधाम से मनाना चाहिए। अन्य अतिथियों ने भी गोपाष्टमी पर्व की महत्ता पर प्रकाश डाला। मौके पर जिला सचिव अवध राम यादव, संतोष यादव, मनोज यादव, पवन यादव, भूपेंद्र यादव, नंदकुमार यादव, रवि यादव, भूपेंद्र यादव, लेखराम यादव समेत बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे। समापन समारोह के मुख्य अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष भगत यादव, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रंजीत यादव, राहुल चंद्राकर कुरुद, शांतिलाल यादव थे।

# विधिक सेवा प्राधिकरण से अवगत हुए छात्र व ग्रामीण



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

छग राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के मार्गदर्शन एवं केएल चरयाणी प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण धमतरी के निर्देशन में राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस के अवसर पर शासकीय नवीन महाविद्यालय आमदी द्वारा रासेयो ग्राम भानपुरी में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण धमतरी के सचिव ने छात्र-छात्राओं एवं ग्राम भानपुरी के ग्रामीणों को विधिक सेवा प्राधिकरण के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। मौके पर प्रो. डीगेश्वर पटेल, अंकित बोधवानी, तरूण बनर्जी, विधि महाविद्यालय धमतरी के प्रो. दुर्गेश प्रसाद समेत छात्र-छात्राएं एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

# जिला जेल के 279 बंदियों ने किया योगाभ्यास



- स्वास्थ्य जांच कर 23 बंदियों को किया गया औषधि का वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

जिला जेल में 5, 6 और 8 नवम्बर को तीन दिवसीय योग शिविर का आयोजन आयुर्वेद विभाग द्वारा किया गया। इस मौके पर योग चिकित्सक डॉ. रेवती नेताम और सहयोगी सृष्टि मगर द्वारा जेल में परिरूद्ध 279 बंदियों को योगाभ्यास कराया गया। साथ ही योग से होने वाले फायदे और मानसिक तनाव एवं अवसाद से मुक्त रहने के उपाय बताए गए।

सहायक जेल अधीक्षक एनके डहरिया ने बताया कि आयुर्वेद चिकित्सक डॉ. अवध पचौरी, फार्मासिस्ट संजय कुमार ने जिला जेल में स्वास्थ्य शिविर आयोजित कर बंदियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने 23 बंदियों को औषधि का वितरण किया। इस अवसर पर जेल के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

# न्यायालयीन प्रक्रिया से अवगत हुए रासेयो छात्र



**आमदी।** शासकीय नवीन महाविद्यालय आमदी की प्राचार्य डा. श्रीदेवी चौबे के निर्देशन पर ग्राम भानपुरी में रासेयो का सात दिवसीय विशेष शिविर आयोजित है। बौद्धिक परिचर्चा के मुख्य वक्ता कांतिकुमार सिंह न्यायिक न्यायाधीश क्लास दो व सचिव विधिक सेवा प्राधिकरण धमतरी तथा प्रोफेसर दुर्गेश प्रसाद विभागाध्यक्ष विधि विभाग पीजी कालेज धमतरी थे। रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डीगेश्वर अटल ने अतिथियों का स्वागत किया।

न्यायिक न्यायाधीश ने स्वयंसेवकों को विधिक सेवा प्राधिकरण के उद्देश्यों एवं भूमिका के बारे में बताया। अपराध के प्रकार, कानून निर्माण प्रक्रिया, न्यायालयीन प्रक्रिया, पाक्सो एक्ट, अधिकार एवं कर्तव्य, सखी सेंटर, जमानत के नियम पर स्वयं सेवकों से चर्चा की। प्रो. दुर्गेश प्रसाद ने संविधान की प्रस्तावना, जीएसटी संबंधी कानून, न्यायालय द्वारा न्याय समानता, यौन उत्पीड़न कानून, महिलाओं के साथ कार्य स्थल पर होने वाले अपराध, सूचना के अधिकार, गिरफ्तार करने के नियम, गरीब व्यक्ति को प्राप्त होने वाली निशुल्क न्यायिक सुविधा, शिकायत के लिए आनलाइन प्लेटफार्म पर अपनी बात रखी। स्वयंसेवकों एवं गांव के नागरिकों ने चर्चा सत्र में अपनी जिज्ञासाओं को शांत किया। स्वयंसेवकों ने परियोजना कार्य अंतर्गत ग्राम भानपुरी के विभिन्न चौक-चौराहों की साफ सफाई की।

इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक तरुण बैनर्जी, अंकित बोधवानी, गोपाल देवांगन, डा. उपमा, सरपंच जानकी साहू समेत गांव के गणमान्य नागरिक एवं शिविरार्थी स्वयंसेवक उपस्थित थे।

# दरबा परिक्षेत्र साहू समाज ने मनाया दिवाली मिलन

- दीपावली लोगों को अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाने वाला पर्व : अवनेन्द्र



हरिभूमि न्यूज ▶▶अंवरी

दरबा परिक्षेत्र का दीपावली मिलन समारोह ग्राम बिरेझर साहू के सामाजिक भवन में रखा गया था। जिला अध्यक्ष अवनेन्द्र साहू, तहसील अध्यक्ष राधेश्याम साहू, परिक्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश साहू, संरक्षक संतराम साहू, विश्वनाथ साहू, तुलेंद्र साहू ने मां कर्मा के छायाचित्र की पूजा- अर्चना कर कार्यक्रम की शुरूआत की। जिलाध्यक्ष ने अपने उदबोधन में कहा कि यह त्योहार अंधकार को प्रकाश की ओर ले जाता है।

घर की साफ सफाई की जाती है। लगातार पांच दिनों तक त्योहार को प्राथमिकता से मनाया जाता है तथा गिला शिकवा दूर कर भाईचारा के साथ यह त्योहार मनाया जाता है। तहसील अध्यक्ष राधेश्याम साहू ने कहा कि त्योहार पशुओं के लिए भी महत्वपूर्ण है। पालतू मवेशियों की विधि विधान पूर्वक पूजा अर्चना कर खिचड़ी खिलाई जाती है। लक्ष्मी के रूप में उसकी पूजा की जाती है।

आगे कहा कि जिस घर में गाय रहती है उस घर में हमेशा खुशियां रहती हैं। पशुधन से ही मनुष्य का विकास निर्भर करता है। मौके पर नागेश्वर साहू, ललित चौधरी, फूलसिंग, रूपेंद्र, भुनेश्वर साहू, भोजराम, चित्ररेखा, मंशा साहू, केजूराम, भुपेन्द्र साहू, नीलमण साहू, गुलशन कुमार, भागी साहू, अलखराम साहू समेत बड़ी संख्या में सामाजिक बंधु उपस्थित थे। इस दौरान सामाजिक प्रकरणों का भी निराकरण किया गया।

### सांप्रदायिक सद्भावना बढ़ाने कलाचित्रों की लगी प्रदर्शनी

**धमतरी।** एकलव्य खेल परिसर में एक दिवसीय राज्य स्थापना दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें धमतरी के चित्रकार मनोहर दास द्वारा साम्प्रदायिक सद्भावना बढ़ाने पर्यावरण प्रदूषण, शिक्षा में नवाचार, कुपोषण, कन्या भ्रूण हत्या रोकने, अंधविश्वास एवं राष्ट्रीय एकता अखण्डता के संबंध में कलाचित्रों की प्रदर्शनी लगाई गई। प्रदर्शनी का अवलोकन कईयों ने किया।




















विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**

### सड़क हादसे में अज्ञात महिला घायल



**धमतरी।** अज्ञात वाहन ने पैदल जा रही एक महिला को ठोकर मार दी है। घटना में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। मिली जानकारी के अनुसार रविवार की देर शाम एक महिला नेशनल हाईवे से पैदल गुजर रही थी। इसी दौरान तेज रफ्तार अज्ञात वाहन के चालक ने महिला को चपेट में ले लिया। बाइक की ठोकर से महिला सिर के बल सड़क पर गिर गई। घटना में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई है। वहीं घटना के बाद चालक अपने वाहन के साथ मौके से भाग गया है। महिला को अस्पताल पहुंचाया गया है। फिलहाल महिला की पहचान नहीं हो पाई है।

### सार्थक के बच्चों ने छत्तीसगढ़ी फैशन शो कर दर्शकों को किया मंत्रमुग्ध

**धमतरी।** जिला राज्योत्सव में सार्थक स्कूल के 11 बच्चों ने छत्तीसगढ़ी फैशन शो की आकर्षक प्रस्तुति दी। इसमें बस्तरिया, संबलपुरी पारंपरिक वेशभूषा, किसान, पंडवानी लोक गायिका, भील, आदिवासी तथा राउत एवं सुआ नृत्य के परिधान में अपनी कला का प्रदर्शन किया। स्कूल के पंकज मंधान, मनीषा साहू, दिशा गौतम, निमेष सिन्हा, हर्षिता गजेंद्र वत्सला साहू, प्रीति साहू, एकलव्य पटेल, विनित बघेल, भारती पटेल, एवं सत्यांशु दीप ने छत्तीसगढ़ की वेश-भूषा, आभूषण का उपयोग करके फैशन शो का मनमोहक प्रदर्शन किया। जिला प्रशासन ने सभी बच्चों को प्रशस्ति पत्र एवं सार्थक संस्था की अध्यक्ष डॉ.सरिता दोशी को पौधा भेंटकर सम्मानित किया। सरिता दोशी ने बताया कि स्कूल की नृत्य एवं संगीत प्रशिक्षक स्वीटी सोनी एवं देविका दीवान ने बच्चों को फैशन शो का प्रशिक्षण दिया है। पालकों ने भी सहयोग किया। हस्तनिर्मित कलात्मक लिफाफों का स्टॉल लगाया गया था।

### गुजराती समाज ने मनाई जलाराम जयंती

**धमतरी।** श्री गुजराती समाज द्वारा शुक्रवार को जलाराम बापा की 225 जयंती उत्साह से मनाई गई। सुबह 5 बजे समाजजनों द्वारा प्रभात फेरी निकाली गई। प्रभात फेरी में जलाराम बापा के भजनों का गान किया गया। जलाराम मंदिर में पूजा अर्चना कर आरती उतारी गई। प्रभात फेरी मकई चौक से सिहावा चौक होते हुए रत्नाबांधा, गुजराती समाज भवन पहुंची। इसके बाद स्वल्पाहार का आयोजन किया गया। शाम को शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा बनियापारा, जलाराम मंदिर, गोलबाजार, घड़ी चौक, रत्नाबांधा चौक, देवश्री टाकीज होते हुए समाज भवन पहुंची। आरती पश्चात प्रसाद का वितरण हुआ। इस अवसर पर अरविंद दोशी, दिलीप मेहता, गौरव लोहाणा सहित अनेक समाजजन उपस्थित थे।

ऑनलाइन टोकन का कमाल, हड़ताल के बाद भी किसान टोकन काट रहे

# तीन दिन में ही कट गया 12 दिन की धान खरीदी के लिए टोकन



फाइल फोटो

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

कर्मचारियों की हड़ताल जारी है। उधर धान खरीदी के लिए किसानों ने टोकन कटवाना शुरू कर दिया गया है। इस बार ऑनलाइन टोकन में लिमिट बढ़ा दी गई है। किसान खुद ऑनलाइन टोकन कटवा रहे हैं। अधिकांश समितियों में 10 से 12 दिन की खरीदी के लिए टोकन कट चुके हैं।

अपनी मांगों को लेकर सहकारी समिति के कर्मचारी अनिश्चितकालीन आंदोलन पर हैं। खरीदी मात्र तीन दिन शेष है। ऐसे में आंदोलन समाप्त नहीं होता है तो धान खरीदी शुरू होना मुश्किल है। उधर किसानों को विश्वास है कि तय तिथि में हर हाल में धान खरीदी शुरू होगी। यही कारण है कि समिति कर्मचारियों की जोरदार हड़ताल के बाद भी किसान टोकन कटवा कर धान खरीदी शुरू होने का इंतजार कर रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि जिले में 74 समितियां हैं, जिसके भीतर 100 खरीदी केंद्र हैं। इनमें से अधिकांश खरीदी केंद्रों में 25 से 26 नवंबर तक के लिए टोकन कट चुका है। अब किसानों को धान बेचने के लिए इसके बाद की तिथि मिल रही है। जिले में धान की कटाई और मिंजाई का काम जोरों पर है। 40 प्रतिशत मिंजाई हो चुकी है। ऐसे में किसान मिंजाई के बाद धान खरीदी शुरू होने का इंतजार कर रहे हैं।

**लिमिट समाप्त, शत-प्रतिशत ऑनलाइन टोकन**

टोकन तुंहर हाथ एप की सहायता से किसानों को ऑनलाइन टोकन कटवाने की सुविधा दी गई है। पहले ऑनलाइन टोकन के माध्यम से धान बेचने के लिए लिमिट तय थी। पिछले साल तो ऑनलाइन टोकन में मात्र 20-25 क्विंटल धान की ही खरीदी हो रही थी। इसके चलते केवल छोटे किसान ही ऑनलाइन टोकन ले रहे थे। इस साल इस लिमिट को समाप्त कर दिया गया है। किसानों के खाते के अनुसार जितनी धान की खरीदी की जानी है, उतने धान के लिए किसान ऑनलाइन टोकन कटवा सकता है। यही कारण है कि छोटे बड़े सभी किसान खुलकर टोकन कटवा रहे हैं।

**धड़ाधड़ कट रहे टोकन**

शासन द्वारा टोकन के लिए एप तीन दिन पहले ही जारी किया गया है। किसान टोकन कटने का ही इंतजार कर रहे थे। एप आने के बाद धड़ाधड़ वे टोकन कटवा रहे हैं। तीन दिन में ही 10 से 12 दिनों के लिए टोकन कट चुका है। जानकारी के अनुसार देमार और संबलपुर सोसाइटी में 25 नवंबर तक के लिए टोकन कट चुका है। अब किसानों को इसके बाद की तिथि दी जा रही है।

**हड़ताल समाप्त होने का इंतजार**

धान खरीदी से पहले समिति कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन आंदोलन पर चले गए हैं। यह आंदोलन प्रदेश स्तर पर चल रहा है। कर्मचारी मांगों पर डटे हुए हैं। उनका कहना है कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होती है वे आंदोलन पर रहेंगे। उधर धान खरीदी की तैयारी भी चल रही है। ऐसे में अधिकारियों पर भी दबाव है कि वे आंदोलन को समाप्त कैसे करवाते हैं।

## सूर्यप्रभा को महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में मिली अहम जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी



छत्तीसगढ़ प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की महासचिव सूर्यप्रभा चेटियार को अखिल भारतीय महिला कांग्रेस अध्यक्ष अल्का लाम्बा के निर्देश पर महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में बल्लारपुर विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी संतोषी सिंह चंदन सिंह रावत का चुनाव पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। प्रभारी नियुक्त होने पर श्रीमती चेटियार ने कहा कि महाराष्ट्र में कांग्रेस सहित सहयोगी दलों की सरकार बनने जा रही है। प्रदेश की जनता वर्तमान सरकार की भ्रष्टाचार नीतियों, बिगड़ती कानून व्यवस्था से त्रस्त हो चुकी है। महिलाओं का घर से निकलना मुश्किल हो गया है। उनकी नियुक्ति पर धमतरी विधायक ओंकार साहू, सिहावा विधायक अंबिका मरकाम, जिला अध्यक्ष शरद लोहाना, महापौर विजय देवांगन, पूर्व विधायक गुरुमुख सिंह होरा, लक्ष्मी ध्रुव, हर्षद मेहता, मोहन लालवानी , विपिन साहू, जनपद अध्यक्ष मनीषा साहू, आनंद पावर, कामिनी कौशिक, शास्त्री सोनवानी, विभा शर्मा, गणेश्वरी कमड़े, समीना अंजुम सहित अनेक लोगों ने हर्ष व्यक्त किया है।

### खरेंगा स्कूल में स्वच्छता कार्यक्रम चलाया



**धमतरी।** राष्ट्रीय सेवा योजना एवं इको क्लब शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खरेंगा धमतरी द्वारा रंगोली और स्वच्छता कार्यक्रम चलाया गया। जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण व फसल चक्र परिवर्तन की थीम पर रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कुमारी चंचल, गुंजा, टमेश्वरी, अंजलि साहू, योगेश्वरी, सुनैना, मीनाक्षी, किरण निषाद, वेदिका ने भाग लिया। प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को संस्था द्वारा पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।

## जिपं सभापति ने प्रवेश द्वार निर्माण कार्य का किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी



ग्राम झिरिया में तीन लाख की लागत से ग्राम के मुख्य मार्ग में बनने वाले प्रवेश द्वार के लिए भूमिपूजन जिपं सभापति कविता बाबर ने किया। अपने उद्बोधन में श्रीमती बाबर ने कहा कि किसी भी कार्य का भूमिपूजन होना यह बताता है कि यह ग्राम विकास की एक और कड़ी से जुड़कर प्रगति के रास्ते पर चल पड़ा है। आप लोगों की मांग पूरी होने से एक जनप्रतिनिधि होने के नाते हमें भी आत्मसंतुष्टि का बोध होता है। आप सभी के आशीर्वाद से ही मैं पद पर आसीन हूं व सेवा करने का अवसर मिल रहा है। ग्रामवासियों ने मांग पूरी होने पर श्रीमती बाबर के प्रति आभार व्यक्त किया। मौके पर सरपंच मनराखन ध्रुव, रितु यादव, अर्जुन ओझा, भक्त प्रहलाद, प्यारीराम ध्रुव, मोहन यादव, अनिल कुमार समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

सर्व हिन्दू समाज ने मनाया दीपावली मिलन समारोह

## संगठन की एकता पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी





सर्व हिन्दू समाज का दीपावली मिलन टिंबर भवन में आयोजित हुआ। इसमें वर्तमान सामयिक विषयों में चर्चा के साथ भविष्य के आयोजन और संगठन को मजबूत करने के बारे में सुझाव दिए गए। दीपावली मिलन समारोह में संगठन की एकता पर जोर दिया गया। यदि कहीं किसी जगह पर कोई घटना या दुर्घटना होती है, तो संबंधित व्यक्ति अपने समाज के पदाधिकारियों को सूचित करें। बैठक में धर्मान्तरण जैसे विषयों पर भी चर्चा की गई। सरोज देवांगन ने मुखरता से अपनी बात को रखते हुए कहा कि महिलाओं को ज्यादा से ज्यादा ऐसे संगठनों में शामिल होना चाहिए।

बैठक में सर्व हिन्दू समाज के अध्यक्ष दीपक लखोटिया, हरजिंदर सिंह छाबड़ा, पवन अग्रवाल, नंदू जसवानी, अजय जैन, वरुण राय, यशवंत साहू, सुबोध राठी, दिलीप पटेल, मनसुख अग्रवाल, श्याम अग्रवाल, अवनेन्द्र साहू, निर्मल गुप्ता, निर्मल बरड़िया, परमेश्वर फुटान, नर्मदा प्रसाद जगबेहड़ा, धनेश्वर यादव, राजेन्द्र श्रोती, भूपेन्द्र मिश्रा, अनंत दीक्षित, तिलक सोनकर, मोहित सेन, ईश्वर सेन, विष्णु गिलहरे, रितेश शर्मा, अमित अग्रवाल, हेमराज सोनी, दीपक लोंढे, मदन गोयल, चंदू जसवानी, संतोष तेजवानी, रोमी सावलानी, रोहित देवागंन, लक्ष्मी नारायण साहू, नील पटेल, आलोक पांडेय, डॉ. एन पी गुप्ता, सुदर्शन गुप्ता, डॉ. धर्मेन्द्र सिन्हा, संजय डागौर, कैलाश पटवा, दिनेश नामदेव, ओमप्रकाश महावर, राजेन्द्र माहेश्वरी, यशवंत कोसरिया, फिरोज हिरवानी, योगेश गांधी, रमेश गंगबेर, प्रकाश सालुंके, राजेश आजमानी सहित बड़ी संख्या में सभी समाजजन उपस्थित थे।

## दिवंगत किसानों को दी गई श्रद्धांजलि



हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

दिवंगत किसानों की स्मृति में किसान यूनियन ने छाती कार्यालय में श्रद्धांजलि कार्यक्रम रखा। दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी गई। लीलाराम साहू प्रदेश संयोजक, घनाराम साहू जिला अध्यक्ष ने बताया कि सन 2009 में धान का समर्थन मूल्य 2100 रुपए एवं 300 रुपए बोनस को लेकर किसानों द्वारा सिहावा चौक में चक्काजाम किया गया था। असामाजिक तत्वों के घुस जाने एवं पुलिस के लाठी चार्ज कारण आंदोलन हिंसक हो गया था जिसमें बेगुनाह किसानों को पकड़ लिया गया। उनको काफी यातनाएं दी गई और उनके ऊपर 11 केस, 85 धारा लगाकर जेल में डाल दिया गया। 44 दिन तक जेल में बंद रहे। 3 साल तक तक केस चला और किसान बरी हुए। अभी तक 11 किसानों की मौत हो चुकी है। इस दिन को छत्तीसगढ़ किसान यूनियन काला दिवस के रूप में मनाती है। दिवंगत किसानों की स्मृति में किसान यूनियन द्वारा छाती कार्यालय में श्रद्धांजलि कार्यक्रम रखा गया। दो मिनट का मौन धारण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से सुदर्शन ठाकुर कोषाध्यक्ष, महावीर साहू महासचिव, ईश्वर नारंग, कामता मछिंद्र, रघुनाथ साहू, दीनदयाल साहू,, कुशल साहू, शेष कुमार साहू, परशुराम साहू, जितेन्द्र कुमार साहू समेत अन्य किसान उपस्थित थे।

पीजी कालेज की रासेयो इकाई का मथुराडीह में सात दिवसीय शिविर आयोजित

## स्वयंसेवकों ने की गलियों, मूर्तियों के विसर्जन स्थल की सफाई

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी



बाबू छोटेलाल श्रीवास्तव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य डा. वीके पाठक के मार्गदर्शन एवं जिला संगठक प्रो. निरंजन कुमार के निर्देशन में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई क्रमांक एक एवं दो द्वारा ग्राम मथुराडीह में सात दिवसीय विषय शिविर का आयोजन किया जा रहा है। परियोजना कार्य में स्वयंसेवकों द्वारा ग्राम की गलियों, चौक-चौराहों व तालाब परिसर में सिंगल यूज प्लास्टिक का एकत्रीकरण किया गया तथा मूर्तियों के विसर्जन स्थल की सफाई की। ग्राम पंचायत के प्रवेश मार्ग, पंचायत पीछे के परिसर में उगे बड़े खरपतवारों, कटीले पौधों को साफ कर वृक्षों का उचित रख-रखाव किया गया। स्वयंसेवकों ने यातायात सुरक्षा, पर्यावरण संरक्षण, सिंगल यूज़ प्लास्टिक, एचआईवी एड्स जागरूकता व रोकथाम, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, नशा मुक्त समाज पर रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया। बौद्धिक परिचर्चा के प्रथम सत्र में वक्ता अज़ीम प्रेमजी फाउंडेशन के सहायक नरेंद्र कुमार ने महात्मा गांधी के विचार और यूथ फॉर माय भारत के विचार पर प्रकाश डाला। महात्मा गांधी की प्रेरणादायक जीवनशैली से अवगत करवाते हुये उनके विचारों का अनुसरण कर स्वावलंबी बनने को प्रेरित किया।

द्वितीय सत्र के वक्ता लोकेश कुमार ने यूथ फॉर डिजिटल लिट्रेसी के लाभ एवं हानि को बताया। शाम को स्वयंसेवकों ने डिजिटल साक्षरता विषय पर आधारित मशाल रैली निकालकर नशा मुक्ति का संदेश दिया। सुश्री किरण ने उत्साही युवा मंच के बारे मे जानकारी प्रदान की। शिविर में कार्यक्रम अधिकारी आकांक्षा मरकाम, सहायक प्राध्यापक गोविंद प्रसाद, शिविर नायक संकेत कुमार, शिविर नायिका मोनिका साहू, परियोजना प्रभारी ओम मरकाम, सदस्य रामानंद, क्रीड़ा प्रभारी रश्मि यादव, मेस प्रभारी कुंती, मीडिया प्रभारी संदीप, सांस्कृतिक प्रभारी खुशी साहू, चिकित्सा प्रभारी सोनम उपस्थित थे।

### स्वास्थ्य शिविर का 223 लोगों ने लिया लाभ

**अंवरी।** महर्षि वेदव्यास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय भखारा की रासेयो सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन ग्राम पंचायत भेंडरा में 10 नवम्बर तक मेरा युवा भारत के लिए युवा थीम पर किया जा रहा है। शिविर के तृतीय दिवस प्रातः स्वयंसेवकों ने गांव मे प्रभात फेरी कर नारों के माध्यम से ग्रामवासियों को जागृत किया। स्वयंसेवकों द्वारा योग, आसन एवं व्यायाम किया गया। परियोजना कार्य अंतर्गत स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया जिसमें ग्रामवासी, स्कूलों के शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कराया। निःशुल्क दवाई वितरण किया गया। लगभग 223 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।




जिन बूथों में 50 से कम सदस्य होंगे, वहां बूथ कमेटियों के चुनाव नहीं होंगे

# भाजपा संगठन चुनाव को लेकर हुई कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏩आमदी(धमतरी)



भाजपा संगठन चुनाव को लेकर आमदी मंडल की कार्यशाला आयोजित की गई। आमदी मंडल के चुनाव प्रभारी राजेन्द्र गोलछा ने बताया कि संगठन चुनाव की तैयारी प्रारंभ हो गई है। इसके लिए सभी जिलों में चुनाव अधिकारियों की नियुक्ति कर दी गई है। अगले माह सदस्यता अभियान के समाप्त होने के बाद सबसे पहले बूथ कमेटियों का चुनाव होगा, लेकिन इस चुनाव के लिए यह जरूरी है कि बूथ में कम से कम भाजपा के 50 सदस्य होने चाहिए, जिन बूथों में 50 से कम सदस्य होंगे, वहां बूथ कमेटियों के चुनाव नहीं हो सकेंगे। सदस्यता अभियान में इस बात का खुलासा हुआ है कि भारी संख्या में ऐसे बूथ हैं, जहां 50 से कम सदस्य बने हैं। इसे लेकर पार्टी ने फरमान जारी किया है कि ऐसे बूथों में सदस्यता अभियान समाप्त होने से पहले हर हाल में 50 सदस्य बना लिए जाए। इस अभियान के 15 नवम्बर को समाप्त होने के बाद भाजपा का संगठन चुनाव प्रारंभ होगा। इसे लेकर राष्ट्रीय संगठन ने जहां राष्ट्रीय स्तर पर चुनाव अधिकारी तय कर दिया है, वहीं सभी राज्यों में जिला स्तर एवं मंडल स्तर व शक्तिकेंद्र स्तर पर चुनाव अधिकारी बना दिए गए हैं। कार्यशाला में चुनाव सह प्रभारी तेजराम साहू, मुरारी यदु, हेमंत माला, बालाराम साहू, दमयंती साहू, राजू चन्द्राकर धनेश्वरी साहू, ज्योति साहू, उमानंद कुंभकार, कोमल यादव समेत मंडल के पधाधिकारी अन्य भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित हुए। कार्यक्रम का संचालन अमन राव व आभार प्रदर्शन हेमंत माला ने किया।

**बूथों पर पहले होगा चुनाव**

भाजपा के प्रदेश संगठन के लिए सबसे पहले बूथ स्तर पर चुनाव होगा। आमदी मंडल में 78 बूथ हैं। भाजपा ने सदस्यता अभियान में हर बूथ में 200 सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा है। भाजपा के पदाधिकारियों का कहना है कि प्रदेश में कई बूथ ऐसे हैं जहां पर मतदाताओं की संख्या बहुत कम है। बूथों में चुनाव के लिए 15 से 30 नवंबर की समय सीमा तय की गई है। इसके बाद मंडल और फिर जिलों में चुनाव होंगे। अंत में प्रदेशाध्यक्ष का फैसला होगा। चुनाव के बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव होगा।

सभी बीमारियों में तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732
वात रोग- सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, फोड़ा फुंसी, कील मुहांसे, पिम्पल्स, सूजन, शीला, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर का इलाज
बवासीर - मलद्वार में मस्सा हो जाना, कभी कभी खून निकलना, कांटा चुभने जैसा दर्द, गुदा में जलन एवं खुजली होना का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक साफ न होने का इलाज




